Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to increase the runway length of Amreli Airport, Gujarat-laid.

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली): वर्तमान में मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली जिला (गुजरात) स्थित एअरपोर्ट के रनवे की (एयरस्ट्रिप) लम्बाई लगभग 1500 मी० है| यह रनवे काफी छोटा होने के कारण वर्तमान में अमरेली जिले में केवल छोटे और चार्टेड प्लेन ही उड़ान भर पा रहे है| मेरी जानकारी के अनुसार वर्तमान में वेंच्युरा नामक कंपनी को टेंडर के माध्यम से निजी प्लेन चलाने की स्वीकृति मिली हुई है|

एयरपोर्ट ऑथोरिटी-अमरेली ने भी रनवे की लम्बाई बढ़ाने के संदर्भ में जिला मेजिस्ट्रेट कार्यालय अमरेली एवं नागरिक उड्डयन मंत्रालय को पत्र लिखा गया था जिसके बाद अमरेली एअरपोर्ट के रनवे की लम्बाई बढ़ाने हेतु सर्वे किया गया । इस सर्वे के अनुसार अमरेली शहर का करीबन 2,00,817.00 चो० मी० और गिरिया गाव का करीबन 3,99,353.00 चो० मी० यानी कुल 6,11,775.00 चो० मी० जमीन संपादन करने की आवश्यकता है| अमरेली एअरपोर्ट के रनवे की लम्बाई बढाकर 2075 मी० और चौडाई बढाकर 278 मी० की जाए ताकि अमरेली जिले में ATR 72 सीट वाले बड़े प्लेन उड़न भर सकेंगे I ज्ञात हो की अमरेली जिले के अधिकांश लोग राजकोट, बडौदा, सूरत, अमदाबाद, दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े शहरों में व्यापर हेतु आवागमन करते है । यदि अमरेली एअरपोर्ट से बड़े प्लेन उड़ान भरने की सुविधा मिल जाय तो यहाँ लोगो को अधिक अति सुविधा होगी और उनके समय का भी बचाव होगा और सरकार को अच्छे राजस्व की प्राप्ति होगी| मंत्री जी से मेरा निवेदन है की अमरेली एअरपोर्ट के रनवे की लम्बाई को अतिशीघ्र बढ़ाने हेतु आप अपने सबंधित अधिकारिओं को जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय अमरेली से आवश्यक कागजात और प्रस्ताव मंगवाकर आवश्यक निर्देश देने की कृपा करें ।